collegebatch.com

Series : ZYWX1

SET ~ 3

रोल नं.
Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/1/3**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं ।
Please check that this question paper contains **31** printed pages.

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

~

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है : **भाग – क** तथा **भाग – ख** ।*

*(iii)* ***भाग – क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iv)* ***भाग – ख** के **दो** विकल्प हैं । परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

***विकल्प–I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***

***विकल्प–II : अभिकलित लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग–क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग–ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग–क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग–ख) लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग–क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग–ख) दीर्घ–उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग–क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग–ख) दीर्घ–उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

**General Instructions :**

collegebatch.com

**Read the following instructions carefully and follow them :**

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *This question paper is divided into* **two** *Parts :* ***Part – A*** *and* ***Part – B****.*

*(iii)* ***Part – A*** *is* **compulsory** *for all candidates.*

*(iv)* ***Part – B*** *has* **two** *options. Candidates must attempt only* **one** *of the given options.*

***Option-I : Analysis of Financial Statements***

***Option-II : Computerised Accounting***

*(v)* *Questions number* ***1*** *to* ***16*** *(Part-A) and Questions number* ***27*** *to* ***30*** *(Part-B) are multiple choice questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(vi)* *Questions number* ***17*** *to* ***20*** *(Part-A) and Questions number* ***31*** *and* ***32*** *(Part-B) are Short answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(vii)* *Questions number* ***21, 22*** *(Part-A) and Question number* ***33*** *(Part-B) are Long answer type-I questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(viii)* *Questions number* ***23*** *to* ***26*** *(Part-A) and Question number* ***34*** *(Part-B) are Long answer type-II questions. Each question carries* ***6*** *marks.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

collegebatch.com

**भाग – क**

**(साझेदारी फ़र्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)**

1. निर्देशकों द्वारा माँगे जाने से पूर्व अंशधारकों से प्राप्त अग्रिम धन राशि का लेखा :
   (A) अग्रिम याचना खाते के जमा पक्ष में किया जाता है ।
   (B) अग्रिम याचना खाते के नाम पक्ष में किया जाता है ।
   (C) याचना खाते के जमा पक्ष में किया जाता है ।
   (D) अदत्त याचना खाते के नाम पक्ष में किया जाता है । **1**

2. (a) ऐसे ऋणपत्र जिनसे संबंधित सभी विवरण जिसमें ऋणपत्र धारकों के नाम, पता, धारकता विवरणों की प्रविष्टि कम्पनी द्वारा रखी गयी एक पुस्तक में की जाती है, कहलाते हैं :
   (A) वाहक ऋणपत्र (B) शोधनीय ऋणपत्र
   (C) पंजीकृत ऋणपत्र (D) सुरक्षित ऋणपत्र **1**

**अथवा**

   (b) याचित राशि का वह भाग जिसे वास्तव में अंशधारियों से प्राप्त कर लिया गया है, जाना जाता है :
   (A) प्रदत्त पूँजी (B) याचित पूँजी
   (C) अयाचित पूँजी (D) संचित पूँजी **1**

3. (a) मिशा, सरिता तथा ईशा एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2024 से उन्होंने निर्णय लिया कि वे लाभ–हानि को बराबर–बराबर बाँटेंगे । लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण साझेदारों का अधिलाभ अथवा त्याग होगा :
   (A) मिशा का त्याग 1/6, ईशा का अधिलाभ 1/6
   (B) मिशा का अधिलाभ 1/6, ईशा का त्याग 1/6
   (C) मिशा का त्याग 1/6, सरिता का अधिलाभ 1/3, ईशा का त्याग 1/6
   (D) मिशा का त्याग 1/3, ईशा का अधिलाभ 1/3 **1**

**अथवा**

   (b) सिया, तिशा तथा आर्यन एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 7 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को बंद करती है । 1 जुलाई, 2024 को तिशा की मृत्यु हो गयी । सिया तथा आर्यन तिशा के भाग का निम्न में से किस अनुपात में अधिग्रहण करेंगे ?
   (A) 1 : 1 (B) 4 : 1
   (C) 4 : 7 (D) 7 : 1 **1**

## PART – A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. Money received in advance from the shareholders before it is actually called up by the directors is :
   (A) credited to calls in advance account.
   (B) debited to calls in advance account.
   (C) credited to calls account.
   (D) debited to calls in arrears account. **1**

2. (a) Debentures in respect of which all details including names, addresses and particulars of holding of the debenture holders are entered in a register kept by the company are called :
   (A) Bearer debentures (B) Redeemable debentures
   (C) Registered debentures (D) Secured debentures **1**

   **OR**

   (b) That portion of the called up capital which has been actually received from the shareholders is known as :
   (A) Paid up capital (B) Called up capital
   (C) Uncalled capital (D) Reserve capital **1**

3. (a) Misha, Sarita and Isha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. With effect from 1st April 2024, they decided that they will share profits and losses equally. The gain or sacrifice by the partners due to change in profit sharing ratio will be :
   (A) Misha's sacrifice 1/6, Isha's gain 1/6
   (B) Misha's gain 1/6, Isha's sacrifice 1/6
   (C) Misha's sacrifice 1/6, Sarita's gain 1/3, Isha's sacrifice 1/6
   (D) Misha's sacrifice 1/3, Isha's gain 1/3 **1**

   **OR**

   (b) Sia, Tisha and Aryan were partners sharing profits and losses in the ratio of 4 : 7 : 1. The firm closes its books on 31st March every year. Tisha died on 1st July, 2024. Sia and Aryan will acquire Tisha's share in which of the following ratio ?
   (A) 1 : 1 (B) 4 : 1
   (C) 4 : 7 (D) 7 : 1 **1**

4. अनुज तथा कार्तिक एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 4 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे। 1 अप्रैल, 2023 से आरम्भ कर 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में प्रत्येक वैकल्पिक महीने के आरम्भ में अनुज ने ₹ 20,000 का आहरण किया । 6% वार्षिक दर से 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में अनुज के आहरण पर ब्याज होगा :

(A) ₹ 8,400 (B) ₹ 1,200
(C) ₹ 4,200 (D) ₹ 3,600 **1**

5. (a) विशेष, माणिक तथा अमित एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2024 को अमित सेवा–निवृत्त हो गया । विशेष तथा माणिक ने अमित के भाग का अधिग्रहण 2 : 3 के अनुपात में किया । अमित की सेवा–निवृत्ति के पश्चात विशेष तथा माणिक का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा :

(A) 5 : 4 (B) 2 : 3
(C) 1 : 1 (D) 27 : 23 **1**

**अथवा**

(b) वर्षा, आर्यन तथा निमित एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । वर्षा सेवा–निवृत्त हो गयी तथा उसने अपने भाग का 1/3 भाग आर्यन के पक्ष में समर्पित किया तथा शेष भाग निमित के पक्ष में । आर्यन तथा निमित के मध्य नया लाभ विभाजन अनुपात होगा :

(A) 2 : 1 (B) 8 : 7
(C) 1 : 2 (D) 1 : 1 **1**

6. जब साझेदारों की पूँजी स्थायी होती है तो एक साझेदार द्वारा किये गये आहरणों का लेखा किया जाता है :

(A) साझेदार के पूँजी खाते के नाम पक्ष में
(B) साझेदार के पूँजी खाते के जमा पक्ष में
(C) साझेदार के चालू खाते के नाम पक्ष में
(D) साझेदार के चालू खाते के जमा पक्ष में **1**

7. ₹ 10 प्रत्येक के 4,000 अंशों का हरण ₹ 2 प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना राशि का भुगतान न करने पर किया गया । इन अंशों के पुन: निर्गमन पर कम्पनी द्वारा आवश्यक रूप से एकत्रित की जाने वाली न्यूनतम राशि होगी :

(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 32,000
(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 48,000 **1**

collegebatch.com

4. Anuj and Kartik were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 4. Anuj withdrew ₹ 20,000 in the beginning of every alternate month starting from 1st April, 2023 during the year ended 31st March, 2024. Interest on Anuj's drawings @ 6% p.a. for the year ended 31st March, 2024 will be :

(A) ₹ 8,400 (B) ₹ 1,200

(C) ₹ 4,200 (D) ₹ 3,600 **1**

5. (a) Vishesh, Manik and Amit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 4 : 1. Amit retired on 31st March, 2024. Vishesh and Manik acquired Amit's share in the ratio of 2 : 3. The new profit sharing ratio between Vishesh and Manik after Amit's retirement will be :

(A) 5 : 4 (B) 2 : 3

(C) 1 : 1 (D) 27 : 23 **1**

**OR**

(b) Varsha, Aryan and Nimit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Varsha retired and surrendered 1/3rd of her share in favour of Aryan and the remaining share in favour of Nimit. The new profit sharing ratio between Aryan and Nimit will be :

(A) 2 : 1 (B) 8 : 7

(C) 1 : 2 (D) 1 : 1 **1**

6. When the partners' capitals are fixed, the drawings made by a partner are recorded on the :

(A) Debit side of Partner's Capital Account.

(B) Credit side of Partner's Capital Account.

(C) Debit side of Partner's Current Account.

(D) Credit side of Partner's Current Account. **1**

7. 4,000 shares of ₹ 10 each were forfeited for non-payment of second and final call money of ₹ 2 per share. The minimum amount that the company must collect at the time of reissue of these shares will be :

(A) ₹ 8,000 (B) ₹ 32,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 48,000 **1**

8. 1 अप्रैल, 2023 को वीबी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 13% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया जिनका शोधन 4 वर्षों के पश्चात 5% प्रीमियम पर किया जाएगा । 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ऋणपत्रों पर ब्याज की कुल राशि होगी :

(A) ₹ 2,00,000 (B) ₹ 2,60,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 3,00,000 **1**

9. आरुषि, विवान तथा मिताली एक फर्म के साझेदार थे । 31 मार्च, 2024 को फर्म का विघटन हो गया । उस तिथि को फर्म की पुस्तकों में ₹ 60,000 के देनदार तथा ₹ 3,000 संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान विद्यमान था । ₹ 8,000 के देनदार डूब गये तथा शेष देनदारों से पूरी राशि वसूल हो गयी । देनदारों से वसूली गई राशि थी :

(A) ₹ 60,000 (B) ₹ 55,000

(C) ₹ 52,000 (D) ₹ 49,000 **1**

10. अश्मित, वीना तथा रोहन एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2024 को वीना सेवा–निवृत्त हो गयी । पुनर्मूल्यांकन, ख्याति, संचयों आदि से संबंधित सभी समायोजनों के पश्चात अश्मित, वीना तथा रोहन के पूँजी खातों में क्रमशः ₹ 2,00,000, ₹ 1,80,000 तथा ₹ 1,20,000 के जमा शेष थे । वीना को भुगतान अश्मित तथा रोहन द्वारा लाये गये रोकड़ के द्वारा इस प्रकार किया गया कि उनकी पूँजी उनके नये लाभ विभाजन अनुपात में हो जाये ।

अश्मित तथा रोहन की नयी पूँजी होगी :

(A) अश्मित ₹ 3,75,000 तथा रोहन ₹ 1,25,000

(B) अश्मित ₹ 2,00,000 तथा रोहन ₹ 1,20,000

(C) अश्मित ₹ 2,50,000 तथा रोहन ₹ 2,50,000

(D) अश्मित ₹ 3,00,000 तथा रोहन ₹ 2,00,000 **1**

11. नीता, विदुर तथा मीता एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2024 को उन्होंने समीर को एक नया साझेदार बनाने का निर्णय किया । नीता, विदुर, मीता तथा समीर का नया लाभ विभाजन अनुपात अब 1 : 1 : 1 : 1 होगा । समीर के प्रवेश से पूर्व नीता, विदुर तथा मीता का स्थिति विवरण मशीनरी का ₹ 6,00,000 का शेष दर्शा रहा था । प्रवेश की तिथि को यह पाया गया कि मशीनरी का मूल्यांकन 20% अधिक दर्शाया गया है । समीर के प्रवेश के बाद नये स्थिति विवरण में दर्शाया जाने वाला मशीनरी का मूल्य होगा :

(A) ₹ 7,50,000 (B) ₹ 4,80,000

(C) ₹ 7,20,000 (D) ₹ 5,00,000 **1**

8. On 1st April 2023, Veebee Ltd. issued 20,000, 13% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable at a premium of 5% after 4 years. Total amount of interest on debentures for the year ending 31st March, 2024 will be :

(A) ₹ 2,00,000 (B) ₹ 2,60,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 3,00,000 **1**

9. Arushi, Vivaan and Mitali were partners in a firm. On 31st March 2024, the firm was dissolved. On that date the firm had debtors of ₹ 60,000 and provision for doubtful debts of ₹ 3,000 were existing in the books. Debtors of ₹ 8,000 proved bad and full amount was realised from the remaining debtors. The amount realised from debtors was :

(A) ₹ 60,000 (B) ₹ 55,000

(C) ₹ 52,000 (D) ₹ 49,000 **1**

10. Ashmit, Veena and Rohan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Veena retired on 31st March, 2024. The capital accounts of Ashmit, Veena and Rohan showed a credit balance of ₹ 2,00,000, ₹ 1,80,000 and ₹ 1,20,000 respectively after making all adjustments relating to revaluation, goodwill, reserves etc. Veena was paid in cash brought in by Ashmit and Rohan in such a way that their capitals were in proportion to their new profit sharing ratio. The new capitals of Ashmit and Rohan will be :

(A) Ashmit ₹ 3,75,000 and Rohan ₹ 1,25,000

(B) Ashmit ₹ 2,00,000 and Rohan ₹ 1,20,000

(C) Ashmit ₹ 2,50,000 and Rohan ₹ 2,50,000

(D) Ashmit ₹ 3,00,000 and Rohan ₹ 2,00,000 **1**

11. Nita, Vidur and Mita were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 4 : 1. On 1st April 2024, they decided to admit Samir as a new partner. The new profit sharing ratio between Nita, Vidur, Mita and Samir will now be 1 : 1 : 1 : 1. The balance sheet of Nita, Vidur and Mita before Samir's admission showed machinery at ₹ 6,00,000. On the date of admission, it was found that the machinery is overvalued by 20%.

The value of machinery shown in the new Balance Sheet after Samir's admission will be :

(A) ₹ 7,50,000 (B) ₹ 4,80,000

(C) ₹ 7,20,000 (D) ₹ 5,00,000 **1**

12. सारा तथा तारा एक फर्म के साझेदार थे । 1 अप्रैल, 2023 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 6,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थी । 1 अक्टूबर, 2023 को तारा ने व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹ 1,00,000 का आहरण किया । साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर ब्याज 8% वार्षिक दर से देय था ।

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए तारा की पूँजी पर दिये गये ब्याज की राशि थी :

(A) ₹ 28,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 32,000 **1**

13. **अभिकथन (A) :** फर्म के व्यवसाय को चलाने वाला प्रत्येक साझेदार फर्म के अन्य साझेदारों के लिए प्रमुख साझेदार तथा अभिकर्ता होता है ।

**कारण (R) :** सभी साझेदारों के मध्य आपस में एक पारस्परिक एजेंसी का संबंध विद्यमान है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) दोनों अभिकथन (A) तथा कारण (R) सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों अभिकथन (A) तथा कारण (R) सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही है । **1**

14. (a) वीएल लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 90,000 समता अंशों को 10% प्रीमियम पर जनता को अभिदत्त करने का प्रस्ताव दिया । संपूर्ण राशि आवेदन पर देय थी । 1,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त राशि थी ______

(A) ₹ 10,00,000 (B) ₹ 9,00,000

(C) ₹ 9,90,000 (D) ₹ 11,00,000 **1**

**अथवा**

(b) वीएक्स लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया जिनका शोधन एक निश्चित दर के प्रीमियम पर किया जाना था । इन ऋणपत्रों के निर्गमन पर 'ऋणपत्र निर्गमन हानि खाता' के नाम पक्ष में ₹ 4,50,000 से लेखा किया गया । ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम की राशि थी ______

(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 1,50,000

(C) ₹ 30,000 (D) ₹ 4,50,000 **1**

12. Sara and Tara were partners in a firm. Their capitals as on 1st April, 2023 were ₹ 6,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. On 1st October, 2023, Tara withdrew ₹ 1,00,000 for personal use. According to the partnership deed, interest on capital was allowed @ 8% p.a.
The amount of interest allowed on Tara's capital for the year ended 31st March, 2024 was :
(A) ₹ 28,000 (B) ₹ 30,000
(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 32,000 **1**

13. **Assertion (A) :** Each partner carrying on the business of the firm is the principal as well as the agent for all the other partners of the firm.
**Reason (R) :** There exists a relationship of mutual agency between all the partners.
Choose the correct option from the following :
(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).
(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.
(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct. **1**

14. (a) VL Ltd. offered for public subscription 90,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of 10%. The entire amount was payable on application. Applications were received for 1,00,000 shares and allotment was made to all the applicants on pro-rata basis. The amount received on application was _________.
(A) ₹ 10,00,000 (B) ₹ 9,00,000
(C) ₹ 9,90,000 (D) ₹ 11,00,000 **1**

**OR**

(b) VX Ltd. issued 30,000, 8% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable at a certain rate of premium. On issue of these debentures, 'Loss on issue of debentures account' was debited with ₹ 4,50,000. The amount of premium on redemption of debentures was _____ .
(A) ₹ 3,00,000 (B) ₹ 1,50,000
(C) ₹ 30,000 (D) ₹ 4,50,000 **1**

15. (a) कार्तिक, इंदर तथा ललित एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2024 से उन्होंने लाभों को 2 : 3 : 4 के अनुपात में बाँटने का निर्णय किया । इस उद्देश्य से फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,80,000 किया गया ।
उपरोक्त का प्रभाव दर्शाने की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि होगी :

| | विवरण | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | ललित का पूँजी खाता नाम<br>कार्तिक का पूँजी खाता | 40,000 | <br>40,000 |
| (B) | कार्तिक का पूँजी खाता नाम<br>ललित का पूँजी खाता | 40,000 | <br>40,000 |
| (C) | ललित का पूँजी खाता नाम<br>कार्तिक का पूँजी खाता | 1,80,000 | <br>1,80,000 |
| (D) | कार्तिक का पूँजी खाता नाम<br>ललित का पूँजी खाता | 1,80,000 | <br>1,80,000 |

1

**अथवा**

(b) निधि, प्रणव तथा ईशु एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2024 से उन्होंने लाभों को 4 : 1 : 5 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । उस तिथि को लाभ–हानि खाते के नाम पक्ष में ₹ 4,00,000 का शेष था ।
उपरोक्त का प्रभाव दर्शाने के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि होगी :

| | विवरण | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | ईशु का पूँजी खाता नाम<br>निधि का पूँजी खाता<br>प्रणव का पूँजी खाता | 1,60,000 | <br>40,000<br>1,20,000 |
| (B) | लाभ–हानि खाता नाम<br>निधि का पूँजी खाता<br>प्रणव का पूँजी खाता<br>ईशु का पूँजी खाता | 4,00,000 | <br>2,00,000<br>1,60,000<br>40,000 |
| (C) | निधि का पूँजी खाता नाम<br>प्रणव का पूँजी खाता नाम<br>ईशु का पूँजी खाता नाम<br>लाभ–हानि खाता | 2,00,000<br>1,60,000<br>40,000 | <br><br><br>4,00,000 |
| (D) | निधि का पूँजी खाता नाम<br>प्रणव का पूँजी खाता नाम<br>ईशु का पूँजी खाता | 40,000<br>1,20,000 | <br><br>1,60,000 |

1

15. (a) Kartik, Inder and Lalit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. With effect from 1st April, 2024, they decided to share profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 4. For this purpose, the goodwill of the firm was valued at ₹ 1,80,000.
The necessary journal entry to show the effect of the above will be :

| | **Particulars** | **Dr. Amount (₹)** | **Cr. Amount (₹)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Lalit's Capital A/c Dr.<br>To Kartik's Capital A/c | 40,000 | <br>40,000 |
| (B) | Kartik's Capital A/c Dr.<br>To Lalit's Capital A/c | 40,000 | <br>40,000 |
| (C) | Lalit's Capital A/c Dr.<br>To Kartik's Capital A/c | 1,80,000 | <br>1,80,000 |
| (D) | Kartik's Capital A/c Dr.<br>To Lalit's Capital A/c | 1,80,000 | <br>1,80,000 |

1

**OR**

(b) Nidhi, Pranav and Ishu were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 4 : 1. With effect from 1st April, 2024, they decided to share profits and losses in the ratio of 4 : 1 : 5. On that date, there was a debit balance of ₹ 4,00,000 in the Profit and Loss Account. The necessary journal entry to show the effect of the above will be :

| | **Particulars** | **Dr. Amount (₹)** | **Cr. Amount (₹)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Ishu's Capital A/c Dr.<br>To Nidhi's Capital A/c<br>To Pranav's Capital A/c | 1,60,000 | <br>40,000<br>1,20,000 |
| (B) | Profit & Loss A/c Dr.<br>To Nidhi's Capital A/c<br>To Pranav's Capital A/c<br>To Ishu's Capital A/c | 4,00,000 | <br>2,00,000<br>1,60,000<br>40,000 |
| (C) | Nidhi's Capital A/c Dr.<br>Pranav's Capital A/c Dr.<br>Ishu's Capital A/c Dr.<br>To Profit & Loss A/c | 2,00,000<br>1,60,000<br>40,000 | <br><br><br>4,00,000 |
| (D) | Nidhi's Capital A/c Dr.<br>Pranav's Capital A/c Dr.<br>To Ishu's Capital A/c | 40,000<br>1,20,000 | <br><br>1,60,000 |

1

16. मोक्ष तथा प्राण एक फर्म के साझेदार थे तथा 1 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000 तथा ₹ 3,00,000 थीं । उन्होंने 1 अप्रैल, 2024 को भविष्य के लाभों में 1/4 भाग के लिए तुषार को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया । तुषार अपनी पूँजी के भाग के रूप में ₹ 4,00,000 लाया । तुषार के प्रवेश पर फर्म की ख्याति होगी :

(A) ₹ 16,00,000 (B) ₹ 4,00,000

(C) ₹ 8,00,000 (D) ₹ 12,00,000 **1**

17. पीयूष, आदी तथा सुधा एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 1 अक्टूबर, 2024 को आदी की मृत्यु हो गयी । साझेदारी संलेख के अनुसार मृत्यु की तिथि तक लाभ–हानि में आदी के भाग की गणना विक्रय के आधार पर की जायेगी । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष का विक्रय ₹ 6,00,000 था तथा 1 अप्रैल से 30 सितम्बर, 2024 तक यह ₹ 2,00,000 था । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ की गणना ₹ 1,50,000 की गयी । लेखा पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद की जाती हैं । फर्म के लाभ में आदी के भाग की गणना कीजिए तथा इसके लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि भी कीजिए । अपना कार्य स्पष्टता से दर्शाइये । **3**

18. (a) अमिश, नितिश तथा मिशा, जो 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे, की फर्म कुछ वर्षों से अस्तित्व में थी । मिशा चाहती थी कि उसे अमिश तथा नितिश के साथ बराबर लाभ का भाग मिले और वह यह भी चाहती थी कि लाभ विभाजन में परिवर्तन का प्रभाव पिछले तीन वर्षों से हो । इसके लिए अमिश तथा नितिश सहमत थे । पिछले तीन वर्षों के लाभ थे :

| | |
|---|---|
| 2021 – 22 | ₹ 1,15,000 |
| 2022 – 23 | ₹ 1,24,000 |
| 2023 – 24 | ₹ 2,11,000 |

एक एकल रोजनामचा प्रविष्टि के द्वारा लाभ का समायोजन दर्शाइये । अपना कार्य स्पष्टता से दर्शाइये । **3**

**अथवा**

(b) विधि, मानस तथा अंश एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 : 5 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । अंश को यह गारंटी दी गयी थी कि किसी भी वर्ष के लाभों में उसका भाग ₹ 1,20,000 से कम नहीं होगा । यदि कोई कमी है तो उसका वहन विधि तथा मानस द्वारा बराबर–बराबर किया जाएगा । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में लाभ ₹ 2,00,000 था । फर्म की पुस्तकों में लाभ विभाजन की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

19. (a) डिलाइट लिमिटेड ने मार्वल लिमिटेड की ₹ 4,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 70,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 3,60,000 के क्रय प्रतिफल पर किया । डिलाइट लिमिटेड ने क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया ।
डिलाइट लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) प्राइम लिमिटेड ने राबी लिमिटेड की ₹ 6,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 1,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 3,60,000 के क्रय प्रतिफल पर किया । क्रय प्रतिफल के पूर्ण निपटान हेतु प्राइम लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया ।
प्राइम लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

16. Moksh and Pran were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 1 : 2. Their capitals were ₹ 5,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. They admitted Tushar as a new partner on 1st April, 2024 for 1/4th share in future profits. Tushar brought ₹ 4,00,000 as his share of capital. The goodwill of the firm on Tushar's admission will be :

(A) ₹ 16,00,000 (B) ₹ 4,00,000
(C) ₹ 8,00,000 (D) ₹ 12,00,000 **1**

17. Piyush, Aadi and Sudha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. Aadi died on 1st October, 2024. As per the partnership deed, Aadi's share of profit or loss till the date of death was to be calculated on the basis of sales. Sales for the year ended 31st March, 2024 amounted to ₹ 6,00,000 and that from 1st April to 30th September, 2024 amounted to ₹ 2,00,000. The profit for the year ending 31st March, 2024 was calculated as ₹ 1,50,000. The books of accounts are closed on 31st March every year. Calculate Aadi's share of profits in the firm and pass necessary journal entries for the same. Show your working clearly. **3**

18. (a) The firm of Amish, Nitish and Misha, who have been sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1, have existed for some years. Misha wanted that she should get equal share in the profits with Amish and Nitish and she further wished that the change in the profit sharing ratio should come into effect retrospectively for the last three years. Amish and Nitish had agreement for this.

The profits for the last three years were :

| | |
|---|---|
| 2021 – 22 | ₹ 1,15,000 |
| 2022 – 23 | ₹ 1,24,000 |
| 2023 – 24 | ₹ 2,11,000 |

Show adjustment of profits by means of a single adjustment journal entry. Show your working clearly. **3**

**OR**

(b) Vidhi, Manas and Ansh were partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 5. Ansh was given a guarantee that his share of profits in any given year would not be less than ₹ 1,20,000. Deficiency, if any, would be borne by Vidhi and Manas equally. Profits for the year ended 31st March, 2024 amounted to ₹ 2,00,000.

Pass necessary journal entries in the books of the firm for division of profits. **3**

19. (a) Delight Ltd. purchased assets worth ₹ 4,00,000 and took over liabilities of ₹ 70,000 of Marvel Ltd. for a purchase consideration of ₹ 3,60,000. Delight Ltd. paid the purchase consideration by issuing 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 20%.

Pass necessary journal entries in the books of Delight Ltd. **3**

**OR**

(b) Prime Ltd. took over assets of ₹ 6,00,000 and liabilities of ₹ 1,00,000 of Rabi Ltd. for a purchase consideration of ₹ 3,60,000. Prime Ltd. issued 10% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% in full satisfaction of purchase consideration.

Pass necessary journal entries in the books of Prime Ltd. **3**

20. सीमा तथा अवि की फर्म की पूँजी ₹ 12,00,000 है तथा ब्याज की बाज़ार दर 10% है । प्रत्येक साझेदार का वेतन प्रति वर्ष ₹ 10,000 है । पिछले चार वर्षों के लाभ क्रमश: ₹ 3,00,000, ₹ 4,00,000, ₹ 5,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थे । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत अधिलाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर किया जायेगा । फर्म की ख्याति की गणना कीजिए । **3**

21. ऋणपत्रों के निर्गमन पर निम्न लेनदेनों के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : **4**
   (i) कीरो लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 80,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना है ।
   (ii) नारो लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 50,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना है ।

22. राजा, भरत तथा वेदिका एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2024 को राजा, भरत तथा वेदिका का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 80,000 | बैंक | 15,000 |
| सामान्य संचय | | 50,000 | स्टॉक | 70,000 |
| पूँजी : | | | देनदार | 85,000 |
| राजा | 1,10,000 | | फर्नीचर | 1,20,000 |
| भरत | 1,00,000 | | मशीनरी | 1,40,000 |
| वेदिका | 90,000 | 3,00,000 | | |
| | | **4,30,000** | | **4,30,000** |

31 जुलाई, 2024 को वेदिका की मृत्यु हो गयी । साझेदारी संलेख के अनुसार उसके विधिक प्रतिनिधी निम्न के हकदार थे :
   (i) उसके पूँजी खाते का शेष ।
   (ii) पूँजी पर 8% वार्षिक दर से ब्याज ।
   (iii) मृत्यु की तिथि तक लाभ में उसका भाग जिसकी गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जायेगी । लाभ में वेदिका का भाग ₹ 3,000 था ।
   (iv) ख्याति में उसका भाग जिसकी गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर की जायेगी । पिछले तीन वर्षों का औसत लाभ ₹ 40,000 था । मृत्यु की तिथि तक वेदिका का आहरण ₹ 12,000 था ।

उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए वेदिका का पूँजी खाता तैयार कीजिए । **4**

20. The capital of the firm of Seema and Avi is ₹ 12,00,000 and the market rate of interest is 10%. Salary of each partner is ₹ 10,000 per annum. The profits for the last four years were ₹ 3,00,000, ₹ 4,00,000, ₹ 5,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. Goodwill of the firm is to be valued on the basis of three years purchase of last four years average super profits. Calculate the goodwill of the firm. **3**

21. Pass necessary journal entries for issue of debentures for the following transactions : **4**

(i) Kiero Ltd. issued 80,000, 9% debentures of ₹ 100 each at par, redeemable at a premium of 10%.

(ii) Naro Ltd. issued 50,000, 10% debentures of ₹ 100 each at a premium of 5%, redeemable at a premium of 10%.

22. Raja, Bharat and Vedika were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st March, 2024 was as follows :

**Balance Sheet of Raja, Bharat and Vedika as on 31st March, 2024**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
